पाठ 10. भारत के प्रमुख पर्वत

पाठ का उद्देश्य

इस पाठ को कक्षा में पूर्ण हाव-भाव सहित सुनाने से बच्चों के उच्चारण स्पष्ट होंगे। उनमें आत्मविश्वास जागेगा। उनकी स्मरण-शक्ति का विकास होगा। अच्छा साहित्य पढ़ने से उनमें साहित्य के प्रति रुचि जागेगी। साहित्य भी हमारे लिए महत्वपूर्ण है, इस बात के प्रति उनमें जागरूकता बढ़ेगी और भारत के भौगोलिक सौंदर्य का बोध होगा।

- अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को पाठ पढ़ने को कहें।
- उनके उच्चारण पर ध्यान दें।
- वे पाठ को स्पष्ट उच्चारण के साथ सुनाएँ, यह ध्यान रखें।
- बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाएँ।

इस गतिविधि से बच्चों की भाषा संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। पाठ को सुनाने से उनकी शारीरिक एवं मानसिक क्रिया संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। समूह में अपने मित्रों के साथ मिलकर काम करने से उनकी सामाजिक कुशलता संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।